**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

## DAINIK JAGRAN

# जेसी बोस विवि ने किया अभिनंदन

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के नेतृत्व में भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मचारियों का अभिनंदन किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने स्वच्छता कर्मचारियों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए कर्मचारियों को दस्ताने, मास्क और स्वच्छता से जुड़ी अन्य सुविधाएं प्रदान की। इस अवसर पर आरएसएस के प्रांत सह संपर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्र, परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री राजकुमार अग्रवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, राजेश और अनिल गुप्ता विशेष रूप से मौजूद थे।



स्वच्छता कर्मचारियों को दस्ताने व मास्क वितरित करते कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग • फोटो विश्वविद्यालय के सौजन्य से।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# यूनिवर्सिटी ने सफाईकर्मियों को सम्मानित किया

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** कोरोना महामारी के दौरान फ्रंट लाइन पर काम करने वाले लोगों को सम्मानित करने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से शुक्रवार को एक कार्यक्रम हुआ, जिसमें लॉकडाउन के दौरान यूनिवर्सिटी को स्वच्छ बनाए रखने का काम कर रहे सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि कर्मचारियों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के जरूरी उपकरण दिए गए हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, परिषद के अधिकारी राज कुमार, गंगा शंकर, राजेश व अनिल गुप्ता भी उपस्थित थे।



GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# 'गो क्रिएटिव' चैलेंज में 150 छात्रों ने दिखाया अपना हुनर

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जोसी बोस** यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण को लेकर जागरूकता लाने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पृथ्वी सप्ताह का आयोजन किया। इस उत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पर्यावरण मैत्री कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सात दिनों की चुनौती दी गई। कार्यक्रम का विषय कोविड-19 के दौरान पृथ्वी सप्ताह रखा गया।

> विश्व पृथ्वी दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पृथ्वी सप्ताह मनाया

कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विभाग के अंतर्गत संचालित वसुंधरा एन्वायरनमेंट सोसायटी ने ऑनलाइन माध्यमों से किया। पृथ्वी को रहने योग्य बनाने की दिशा में नागरिकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सात चुनौतियां रखी गईं। इनमें प्लास्टिक ऑडिट करना, खाद बनाने के रचनात्मक तरीकों का अपनाना, शून्य उपशिष्ट, शाकाहारी आहार लेना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना विषय शामिल थे। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, नागालैंड, मणिपुर, बिहार, तमिलनाडु, चंडीगढ़ व दिल्ली सहित 12 राज्यों के स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्रों, शोधकर्ताओं, लेखकों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'गो क्रिएटिव' चैलेंज था, जिसमें प्रतिभागियों ने पेंटिंग, फोटो व कविताओं के रूप में अपनी कृतियों को साझा किया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने लॉकडाउन के दौरान इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए वसुंधरा पर्यावरण सोसायटी के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभाग के शिक्षकों अनिता गिरधर, मोनिका, डॉ. सोमवीर बाजाड़ के साथ एमएससी पर्यावरण विज्ञान के छात्र गीतांशु, निहारिका, ऐश्वर्या, रुखसार, खुशबू, यशिता, मयंक व सृष्टि को ई-प्रमाण पत्र दिए गए।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# ई-संसाधनों के इस्तेमाल पर कार्यशाला

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय की तरफ से अध्ययन व शिक्षण के ई-संसाधनों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में यूनिवर्सिटी व विभिन्न संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान 2 विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया गया, जिसमें आईआईटी मुंबई से डॉ. समीर वभारत गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के डॉ. रमेश ने संबोधित किया। कार्यशाला में कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी के लाइब्रेरियन डॉ. पी. एन. बाजपेयी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-लाइब्रेरी पोर्टल व इसके माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**PUNJAB KESARI**

# पर्यावरण मैत्री को प्रोत्साहित करने की अनूठी पहल

## विश्व पृथ्वी दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पृथ्वी सप्ताह का किया आयोजन

फरीदाबाद, 8 मई (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा पर्यावरण मुद्दों को लेकर जागरूकता लाने के लिए विश्व पृथ्वी दिवस की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पृथ्वी सप्ताह का आयोजन किया, जिसमें उत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पर्यावरण मैत्री कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सात दिनों की चुनौती दी गई। कार्यक्रम का विषय कोविड-19 के दौरान पृथ्वी सप्ताह रहा।

कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विभाग के अंतर्गत संचालित वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसाइटी द्वारा ऑनलाइन मोड में किया गया। पृथ्वी को रहने योग्य बनाने की दिशा में नागरिकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, सात स्वतंत्र चुनौतियाँ रखी गई, जिसमें प्लास्टिक ऑडिट करना, खाद बनाने के रचनात्मक तरीकों का अपनाना, शून्य उपशिष्ट, शाकाहारी आहार लेना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना, पर्यावरण को लेकर अध्ययन द्वारा स्व-प्रेरित होना तथा रचनात्मकता बनाना जैसे विषय शामिल थे।

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, नागालैंड, मणिपुर, बिहार, तमिलनाडु, चंडीगढ़ तथा दिल्ली सहित 12 राज्यों के स्कूल और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, लेखकों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण 'गो क्रिएटिव' चैलेंज था जिसमें प्रतिभागियों ने पेंटिंग, फोटो और कविताओं के रूप में अपनी कृतियों को साझा किया। वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसाइटी ने लोगों को पर्यावरण से संबंधित विषयों को लेकर जागरूक करने की चुनौती लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति द्वारा पर्यावरण संबंधी उपयोगी जानकारी तीन लोगों तक पहुंचाने की 'जागरूकता श्रृंखला' की शुरूआत की। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने लॉकडाउन के दौरान पर्यावरण पर ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन के लिए वसुंधरा पर्यावरण सोसायटी के प्रयासों की सराहना की। प्रतिबंधित गतिविधियों के कारण पर्यावरण स्वच्छता की मौजूदा स्थिति का उल्लेख करते हुए उन्होंने आगे कहा कि लॉकडाउन अवधि के बाद भी हम सभी को पर्यावरण की देखभाल करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रेरक कार्यक्रम विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जि मेदारियों को पहचानने में मदद करते है।

### छोटे-छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव

कार्यक्रम की संयोजक और पर्यावरण विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. रेणुका गुप्ता ने कहा कि दैनिक जीवन में हमारे छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में इन चुनौतियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभाग के शिक्षकों अनिता गिरधर, मोनिका मागो और डॉ. सोमवीर बाजाड़ तथा एमएससी पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थी गीतांशु, निहारिका, ऐश्वर्या, रुखसार, खुश्बू, यशिता, मयंक और सृष्टि के प्रयासों की सराहना की। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिये गये।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा अध्ययन एवं शिक्षण के ई-संसाधनों के उपयोग को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय और विभिन्न संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान दो विशेषज्ञ व्या यानों का आयोजन किया गया, जिससे आईआईटी मुंबई से डॉ. समीर सहस्रबुद्धे और कला निधि, भारत गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली से डॉ. रमेश ने संबोधित किया। कार्यशाला में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने भी रहे। विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म, विशेषकर ई-लाइब्रेरी पोर्टल और इसके माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-लाइब्रेरी पर पांच लाख से अधिक संसाधनों को सिंगल विंडो सर्च की सुविधा के साथ उपलब्ध करवाया गया है जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को सभी आवश्यक शिक्षण सामग्री कहीं से भी, कभी भी और किसी भी डिवाइस पर उपलब्ध करता है। इस अवसर पर ई-लाइब्रेरी मोबाइल ऐप भी प्रदर्शित किया गया, जिसके कुछ ही समय में 1000 से अधिक डाउनलोड हो चुके है।

दूसरे व्याख्यान में, डॉ. रमेश गौड़ ने 'खोज, अनुसंधान और प्रकाशन के आदर्श आचरण के बारे में बताया। लाइब्रेरी के ई-संसाधनों को कहीं भी और कही से भी एक्सेस करने की सुविधा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. गौड़ ने कहा कि खोज प्रभावी शोध का पहला चरण है। उन्होंने साहित्यिक चोरी एवं इसके प्रकार तथा परिणामों तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए इसका पता लगाने तथा बचाव के बारे में बताया। डॉ. गौड जो यूजीसी की साहित्यिक चोरी विनियम समिति के सदस्य भी हैं, ने विश्वविद्यालय को यूजीसी के दिशा-निर्देशानुसार साहित्यिक चोरी पर नीति बनाने का सुझाव दिया। डॉ. गौड ने ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफार्मों की शुरूआत करने पर विश्वविद्यालय को बधाई दी।

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**THE PIONEER**

# ई-संसाधनों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा अध्ययन एवं शिक्षण के ई-संसाधनों के उपयोग को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय और विभिन्न संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान दो विशेषज्ञ व्याख्यानों का आयोजन किया गया,

## कार्यशाला में विवि और विभिन्न संस्थानों के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया

जिससे आईआईटी मुंबई से डॉ. समीर सहस्रबुद्धे और कला निधि, भारत गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली से डॉ. रमेश ने संबोधित किया। कार्यशाला में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने भी रहे।

विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन डॉ. पीएन बाजपेयी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और डिजिटल प्लेटफॉर्म, विशेषकर ई-लाइब्रेरी पोर्टल और इसके माध्यम से प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ई-लाइब्रेरी पर पांच लाख से अधिक संसाधनों को सिंगल विंडो सर्च की सुविधा के साथ उपलब्ध करवाया गया है जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को सभी आवश्यक शिक्षण सामग्री कहीं से भी, कभी भी और किसी भी डिवाइस पर उपलब्ध करता है।

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**THE PIONEER**

# विश्व पृथ्वी दिवस सप्ताह का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण मुद्दों को लेकर जागरूकता लाने के लिए 'विश्व पृथ्वी दिवस' की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर पृथ्वी सप्ताह का आयोजन किया। जिसमें उत्सव में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पर्यावरण मैत्री कार्य करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सात दिनों की चुनौती दी गई। कार्यक्रम का विषय 'कोविड-19 के दौरान पृथ्वी सप्ताह' रहा। कार्यक्रम का आयोजन पर्यावरण विभाग के अंतर्गत संचालित वसुंधरा एनवायरनमेंट सोसाइटी द्वारा ऑनलाइन मोड में किया गया। पृथ्वी को रहने योग्य बनाने की दिशा में नागरिकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए, सात स्वतंत्र चुनौतियां रखी गई, जिसमें प्लास्टिक ऑडिट करना, खाद बनाने के रचनात्मक तरीकों का अपनाना, शून्य उपशिष्ट, शाकाहारी आहार लेना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना, पर्यावरण को लेकर अध्ययन द्वारा स्व-प्रेरित होना तथा रचनात्मकता बनाना जैसे विषय शामिल थे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.05.2020**

**THE PIONEER**

# स्वच्छता कर्मचारियों को किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा कोविड़-19 महामारी के दौरान विश्वविद्यालय में स्वच्छता बनाये रखने के लिए सेवाएं दे रहे स्वच्छता कर्मचारियों को आज सम्मानित किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में भारत विकास परिषद की फरीदाबाद इकाई के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, परिषद के अधिकारी राज कुमार, गंगा शंकर, राजेश और अनिल गुप्ता भी उपस्थित थे। सभी कर्मचारियों को सम्मान स्वरूप गमछा भेंट किया गया तथा रिफ्रेशमेंट दी गई। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता कर्मचारियों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए सफाई कार्य के सुरक्षित अभ्यास को सुनिश्चित किया गया है। ऐसे कर्मचारियों को दस्ताने, मास्क और स्वच्छता की सुविधाएं प्रदान की गई है।